




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 90 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 08 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया


## जनता पार्षदों को विकास के लिए चुनती है, विवाद के लिए नहीं...

### दर्द-ए-दिल

कुमार दशपुरी

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जब से मौजूदा नगर पालिका परिषद गठित हुई है, नगर पालिका में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा। जब किसी भी एक दल को जरूरत से ज्यादा बहुमत मिल जाता है तो यह धारणा सामने परिलक्षित होती नजर आती है कि फिर पक्ष में ही विपक्ष पैदा हो जाता है। मौजूदा नपा परिषद भी भाजपा की होकर प्रचंड बहुमत वाली है। 40 में से 29 पार्षद बीजेपी के हैं। जबकि, 3 निर्दलीय है। वे भी बीजेपी के पक्षधर है। लेकिन, इस परिषद को विपक्षियों से कम और अपने ही पक्ष से ज्यादा लोहा लेना पड़ रहा है।

ऐसा लगता है कि मौजूदा नगर पालिका परिषद विकास प्रिय कम और विवाद प्रिय ज्यादा होती जा रही है। सीवरेज प्लांट को लेकर बैठक में जो हंगामा हुआ, वह गैर जरूरी था। यह नगर पालिका परिषद की साधारण सभा या कोई रूटीन की बैठक नहीं थी। जिसमें पार्षद या पार्षद प्रतिनिधियों में इस तरह का विवाद होता। नगर में सीवरेज प्लांट जैसी गंभीर व संवेदनशील योजना को लेकर यह बैठक आहूत की गई थी। नगर का बिगड़ा हुआ ड्रेनेज सिस्टम वर्षा काल में पूरे नगर को पानी-पानी कर देता है। इस ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिए पार्षदों से सुझाव और विचार के लिए यह बैठक आहूत की गई थी।

लेकिन, बैठक में जो कुछ भी हुआ वह सर्वविदित है कि किस तरह आपस में नुक्ता चीनी हुई। मामला गिरेबान पकड़ने की स्थिति तक पहुंच गया। मर्यादा और अनुशासन तार-तार होता नजर आया। और परिषद की किरकिरी मीडिया के माध्यम में घर-घर पड़ी और देखी जा रही है। जनता कहती है कि हमने पार्षदों को विवाद करने के लिए नहीं चुना है, विकास करने के लिए चुना है। अगर व्यक्तिगत अहंकार या अपने-अपने ईगो को लेकर पार्षद आपस में उलझते हैं तो यह उनका व्यक्तिगत मामला हो सकता है। नगर विकास को लेकर इतने बड़े प्लांट और योजना पर ठोस सार्थक चर्चा हुई बगैर आपस में एक ही विचारधारा के लोग उलझ लिए, यह आगे के लिए बड़े ही अशुभ संकेत हैं। मौजूदा नगर पालिका से आगे आप जनता क्या उम्मीद करें?

स्थानीय निकायों में मंदसौर नगर पालिका ही नहीं सभी निकायों में यह एक बड़ा समस्या मूलक मसला हो गया है। जब से नगर पालिका में महिलाओं का आरक्षण बढ़ा है। पार्षद प्रतिनिधियों के हस्तक्षेप की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका विधान में स्पष्ट होने के बावजूद भी पार्षद प्रतिनिधि बैठक में रहते हैं और निर्णायक भूमिका में आ जाते हैं तो ऐसे में इस तरह के विवाद होना स्वाभाविक है। पार्षदों को भी चाहिए कि वह अपने व्यक्तिगत मसले या राजनीतिक टकराव को छोड़कर नगर पालिका परिषद में केवल नगर के विकास और जनहित की बातों को महत्व दें। अन्यथा भाजपा की यह मौजूदा नगर पालिका परिषद अब तक की सबसे असफल परिषद सिद्ध हो जाएगी। पार्टी के संगठन कर्ताओं को भी इस और ध्यान देना चाहिए।



## नगरी और मल्हारगढ़ को वन स्टार रेटिंग

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें नगरी और मल्हारगढ़ को वन स्टार रेटिंग मिली है। नगरी नगर परिषद ने वन स्टार रेटिंग का ही दावा किया था। जबकि, मल्हारगढ़ का दावा था कि उसे थ्री स्टार रेटिंग मिलेगी। लेकिन, उसे वन स्टार रेटिंग ही मिली है।

प्रदेश की लगभग 96 समेत देश की करीब 396 नगरीय निकायों ने फ्रेश सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन किया था। प्रदेश में सिर्फ भोपाल को फाइव स्टार रेटिंग मिली है। उज्जैन, ग्वालियर समेत 9 को थ्री स्टार, जबकि रतलाम, नीमच, देवास और शाजापुर समेत करीब 86 को वन स्टार रेटिंग मिली है। इनके अलावा देश की 101 नगरीय निकायों की 2022 में दी गई रेटिंग बरकरार रखी गई है, क्योंकि इन्होंने नया आवेदन ही नहीं किया था। ऐसे शहरों में प्रदेश के 7 रेटिंग वाले इंदौर के साथ 61 यूएलबी शामिल हैं। वहीं 11 जनवरी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का फाइनल रिजल्ट भी आने वाला है। इसमें इस बार प्रदेश के 378 समेत देश के 4500 से ज्यादा नगरीय निकाय शामिल हैं। जुलाई-अगस्त में दिल्ली की टीम ने सर्वे किया था। उसके अनुसार 9500 अंकों में से शहरों की रैंकिंग की जाएगी।

## पोर्टल बंद होने से परेशान छात्र

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालयीन छात्रों के लिए पोर्टल बंद होने परेशानी हो रही है। 6 माह से छात्रवृत्ति पोर्टल बंद पड़ा है। जिसकेचलते विद्यार्थियों केछात्रवृत्ति से जुड़े काम प्रभावित हो रहे हैं।

विगत 6 माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल ठप होने के कारण प्रदेश के मंदसौर सहित प्रदेशभर के लाखों विद्यार्थी छात्रवृत्ति संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गांव की बेटी योजना का लाभ नहीं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबंधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं। उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

### विस चुनाव के अंतिम ओवरों में विधायकों ने दबाया था एक्सीलेटर...

# अब माननीयों को करना होगा छह माह का इंतजार

## नया बजट मिलने से पहले लग सकती है आचार संहिता

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव से पहले विधायकों ने क्रिकेट में अंतिम ओवरों की तरह बल्लेबाजी की। यहां बात कर रहे हैं विधायक निधि के बारे में। आचार संहिता के पहले विकास कार्यों के लिए विधायकों को मिलने वाली विधायक निधि की राशि खर्च करने के लिए माननीयों ने अपने खजाने का ताला तोड़कर ही फेंक दिया। चार विधानसभा वाले जिले में अपनी निधि की पूरी राशि खर्च करने के लिए कलेक्ट्रेट के सांख्यिकी विभागों में मानो बाढ़ सी आ गई। सितंबर के पहले सप्ताह में ही लगभग सभी विधायकों ने विधायक निधि खर्च कर दी। मतलब करीब छह से सात माह में ही राशि खत्म हो गई। अब दोबारा चुनकर आए या नए चुने गए विधायकों को अपनी विधायक निधि से किसी तरह की कोई राशि स्वीकृत करने के लिए कम से कम छह माह तक इंतजार करना पड़ेगा। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद ही कोई राशि स्वीकृत हो पाएगी।

### छह माह तक का समय इसलिए...

जिला ही नहीं प्रदेश का कोई भी विधायक आगामी छह माह तक कोई राशि विधायक निधि से स्वीकृत नहीं कर पाएगा। इसकी बड़ी वजह यह है कि विधायक निधि के बजट का आवंटन अप्रेल में मिलेगा। निर्वाचन आयोग की तेजी से तैयारी से लगता है कि तब तक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग चुकी होगी।



### नहीं करते तो हो जाती लैप्स...

विधायकों को अपनी विधियक निधि से पिछले वित्त वर्ष में मिली राशि को खर्च करना जरुरी भी था। ऐसा इसलिए भी कि नवंबर में हुए चुनाव के बाद वे पूर्व विधायक हो जाएंगे और उस वित्त वर्ष के लिए मिली राशि खर्च ही नहीं कर पाते। इससे उनकी निधि की राशि अपने आप ही लैप्स हो जाती और किसी काम नहीं आ पाती।

### ढाई करोड़ रूपए विधायक निधि मिलती सालाना...

हर विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सालाना ढाई करोड़ की विधायक निधि राज्य सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई जाती है। वे इस राशि को एक ही प्रोजेक्ट पर एक दिन में खर्च करे या छोटे-छोटे काम में लगाकर अलग-अलग किस्तों में स्वीकृत करे, यह उनकी स्वैच्छा पर निर्भर करता है।

### सबसे पहले मल्हारगढ़ में हुई खत्म...

सबसे पहले विधायक निधि तत्कालीन और वर्तमान मल्हारगढ विधायक जगदीश देवड़ा ने खर्च की। इसके अलावा स्वेच्छानुदान खर्च करने में सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग सबसे आगे रहे। उन्होंने सबसे पहले स्वेच्छानुदान राशि खर्च की। दो से ढाई माह के बीच दस करोड़ की निधि में से चार सौ से अधिक अनुशंसा चारों विधायकों ने मिलाकर भेजी।

## भाई ने ही की थी चोरी

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के मर्दादीन मोहल्ले में एक परिवार घर का ताला लगाकर खरीददारी करने बाजार गया। तीन घंटे बाद वापिस पहुंचा तो घर से जेवरात सहित नकदी गायब थी। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने छह घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फरियादी के भाई ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि वसीम पिता अनवर कुरैशी निवासी मर्दादीन मोहल्ला परिवार के साथ घर का ताला लगाकर खरीददारी करने के लिये बाजार चला गया। करीब तीन घण्टे बाद बाजार से वापस घर आए तो देखा कि घर का ताला टुटा है और घर का पुरा सामान अस्त व्यस्त है। घर मे रखे सामान चैक करते एक सोने का मंगलसूत्र, तीन जोड़ी पायजेब, सोने की अंगुठी, कान की बाली व पैर की बिछिया आदि जैवरात चोरी होना पाए गए।

शहर कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। कस्बा क्षेत्र में मजबूत मुखबीर सूचना तंत्र की मदद लेते हुए मात्र छह घण्टे मे संदिग्ध आरोपी फरियादी के भाई राजा उर्फ इकबाल को हिरासत मे लिया जाकर पुछताछ की गई। आरोपी द्वारा घटना किया जाना स्वीकार किया गया। बाद आरोपी की निशादेही से चोरी गया मश्रुका एक सोने का मंगल सूत्र, तीन जोडी पायजेब, सोने की अंगुठी, कान की बाली व पैर की बिछिया आदि जेवरात आदि कुल किमती 01 लाख 16 हजार रुपये का बरामद किया गया है। थाना कोतवाली पर आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकार्ड पाया गया है। आरोपी से घटना के संबंध मे अन्य बिंदुओ पर सघन पूछताछ की जा रही है।

## एक पिस्टल और जिंदा राउंड के साथ धराए जीजा-साले

**दलौदा, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने मुखबीर सूचना पर अवैध पिस्टल और जिंदा राउंड कारतूस के साथ दो आरोपियो की गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी रिश्ते में जीजा साले है। दलौदा थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी। एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर धुंधड़का रोड़ पर खड़ा है। अगर तुरंत दबिश दी जाए तो आरोपी गिरफ्तार हो सकता है।



सूचना पर पुलिस की एक टीम बनाकर रवाना की गई। पुलिस टीम ने दलौदा- धुंधड़का रोड़ मुक्तिधाम के निकट घेराबंदी कर बताए गए हुलिए वाले व्यक्ति की हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल और दो जिंदा राउंड कारतूस बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सादिक पिता गफुर शाह 21 साल निवासी धुंधडका जिला मंदसौर का होना बताया। आरोपी ने कहा कि वह अवैध पिस्टल राजस्थान निवासी अपने जीजा से लेकर आया है। जो वर्तमान में उसके घर ही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के धुंधडका स्थित घर पर दबिश देकर आरोपी के जीजा इकबाल पिता आमीन शाह उम्र 28 साल निवासी कुम्हार वाडा जिला प्रतापगढ राजस्थान को भी गिरफ्तार किया। दोनो आरोपियो के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में 25 ऑम्र्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## फरियादी से कथित रुप से मारपीट करने वाले चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**पिपलियामंडी, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत करने पर फरियादी के साथ मारपीट करने वाले चोकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार छायन निवासी अशोक पिता रामचन्द्र ने 29 नवम्बर 2023 को उसकी पत्नी के गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज कराई थी, पत्नी नही मिली तो अशोक ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, यह बात बूढ़ा चोकी प्रभारी सत्येन्द्रसिंह भदोरिया को नागवार गुजरी। अशोक ने बताया सत्येन्द्रसिंह ने उन्हें बूढ़ा चोकी पर बुलाया। मारपीट की व 5 हजार रुपए लेकर छोड़ा व धमकी दी कि सीएम हेल्पलाइन से शिकायत उठा लेना नही तो किसी भी केस में बन्द कर दूंगा। मामला मंदसौर एसपी के संज्ञान में आने के बाद चोकी प्रभारी लाइन हाजिर कर दिया। ?

**मारपीट नही की:-** चोकी प्रभारी सत्येन्द्रसिंह का कहना है महिला उसके पीहर में है, हमने फरियादी के साथ मारपीट नही की है। अगर किसी ने रुपए लिए है तो वापस करवा देंगे।

## रविवार रहा सीजन का सबसे ठंडा दिन, अलाव के सहारे रही जिंदगी



**मंदसौर, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कैलेण्डर वर्ष की शुरुआत से ही मौसम बदला हुआ है। शहर से लेकर गांव तक बादलों के आगोश में है। रविवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा, विजिबलिटी 50 से 200 मीटर तक रही। घने कोहरे से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 9 बजे बाद कोहरा छंटना शुरू हुआ, इसके बाद दृश्यता बढ़ी। रविवार सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। तापमान लुढ़ककर 09 डिग्री के नीचे पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री के आसपास बना रहा।

मौसम जानकारों के अनुसार अगले 2-3 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। 8-9 जनवरी को जिले में बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एनएस साहू ने बताया कि साइकोनिक सर्कुलेशन सिस्टम उत्तर प्रदेश के ऊपर है। दूसरा इंडो साइकोनिक सर्कुलेशन राजस्थान के ऊपर है। वहीं, गुजरात से उत्तर प्रदेश तक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस वजह से मध्य प्रदेश का मौसम भी बदला हुआ है। बारिश, कोहरा और ठंडी हवाएं चल रही हैं। अगले दो दिन तक सिस्टम की एक्टिविटी बनी रहेगी। आज सोमवार 8 जनवरी को फिर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है, जो 12 जनवरी तक रहेगा। इससे भी कोहरा और हल्की बारिश होने का अनुमान है। सिस्टम के कमजोर होने, बादल छंटने के बाद रात के तापमान में और गिरावट आएगी।

# मुख्यमंत्री का आर्ट आफ एक्शन शिवराज की लोकप्रियता को घटा रहा है...

**मंदसौर/उज्जैन, 7 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिस दिन विधायक मोहन यादव के नाम की पर्ची प्रदेश के विधायक दल के नेता के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सभी विधायकों के सामने खोलना पड़ी थी, तब भी उनके चेहरे के भाव भंगिमा में आनंद नजर नहीं आया था। सिर्फ वही नहीं हाल के अंदर से लेकर कार्यालय सीमा से दूर तक खड़ी भाजापाईयों की भीड़ को भी लगा था की भाजपा हाईकमान ने अजब गजब कर दिया। विद्यार्थी परिषद से निकला कार्यकर्ता अभी तक विधायक, मंत्री रहते कोई प्रशंसनीय उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए थे की केंद्रीय भाजपा संगठन ने डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री घोषित कर डाला।

ये एक पखवाड़े पहले का दृश्य है और जब से भाजपा हाईकमान ने योग्य रणनीतिकार डॉ मोहन यादव को प्रदेश सरकार की कमान जिस भरोसे सोंपी थी, उसके नतीजे पहली कैबिनेट की बैठक से ही सतह पर नजर आने लगे थे। प्रशंसा करने वालों की संख्या, आलोचना करने वालों से गुणात्मक रूप से अधिक और अधिक होने लगी थी। ऐसा सिलसिला मुख्यमंत्री के बाद के निर्णय पर भी जारी रहा, फिर मंत्रिमंडल के गठन के बाद भी लगा कि भाजपा हाईकमान का डॉ यादव को रणनीतिकार की तरह पहचानना सही निर्णय साबित हुआ है। इस निर्णय का दर्शन डॉ यादव के मंत्रिमंडल ने सतह पर उजागर कर दिया। ऐसे की प्रदेश के साथ देश भर में यह माना जा रहा था कि तीसरी बार के विधायक बने मुख्यमंत्री छत्रप नेताओं का दबाव शह नहीं पाएंगे और मंत्रिमंडल पर इसकी छाया गहरी नजर आएगी। हुआ इसके उलट की छत्रप नेताओं का दबदबा तो क्या प्रभाव भी मंत्रियों के चयन में नजर नहीं आया।



चन्द्रमोहन भगत

उदाहरण सामने है गोपाल भार्गव, भूपेंद्र कुशवाहा, उषा ठाकुर और ओमप्रकाश सकलेचा जैसे स्थापित हो चुके बड़े नाम को अनेक बार जीतने के बाद भी बाहर रखा गया है। उक्त नाम इनकी अपनी पुश्तैनी भाजपाइयों के हैं। दूसरी तरफ आयातित विधायकों के 12 मंत्रियों में से भी चार तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत, प्रधुम्न सिंह तोमर और एंदल सिंह कंसाना को ही स्थान दिया गया है। एकमात्र अल्पसंख्यक कहलाने वाले हरदीप सिंह डंग भी बाहर रखे गए हैं। चर्चाओं पर भरोसा करें तो कांग्रेस त्यागने के बाद इन्हें 40 सालों बाद याद आया था कि कांग्रेस ने 1984 में सिक्खों पर जुल्म ढाया था। अपने हित के लिए मौका मिलने पर भाजपा की भी इसी तरह आलोचना करने में संकोच नहीं करेंगे! यह कथन डंग को नुकसान पहुंचा गया?

दृश्य साफ है कि डॉ मोहन यादव के मंत्रिमंडल में क्षत्रपों की छाया नजर ही नहीं आई। फिर चाहे राष्ट्रीय नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ आयातित विधायक भी छांटने पड़े हो! इसी के साथ सभी मंत्रियों के विभाग बंटवारे में भी यही दर्शन नजर आ रहा है कि मुख्यमंत्री और हाई कमान ने जो तय किया, वही मान्य होगा। छत्रपो का दखल चयन प्रक्रिया में आ ही नहीं पाया या सिरे से अमान्य किया गया। जब भाजपा हाई कमान ने तीन राज्यों की सरकारों को परखने के बाद नए और ऊर्जावान नेताओं को कमान सौंपी है तो सभी तरह की भावी कार्रवाइयों, पदस्तियों, नियुक्तियों में सब कुछ नया ही नजर आएगा, आ भी रहा है। अगर यही मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री बनाया जाता तो प्रदेश भर के पत्रकार भाजपा कार्यकर्ता से लेकर आम मतदाता तक 36 में से 20 मंत्रियों के नाम पहले से ही उजागर कर देते। ऐसे सभी मिथक टूट रहे हैं डॉ मोहन यादव नए मुख्यमंत्री नए साथियों की टीम बनाकर नया मध्यप्रदेश बनाने के प्रयास करने लगे हैं। अभी शुरुआत है पर विजन स्पष्ट है, सरकार की अपनी कार्य योजनाएं होंगी। छत्रपो का दखल लगभग समाप्त सा है। जितनी भी सफलता मिलेगी, सतह पर दिखेगी, निर्णय जनमत को देना है। परीक्षा का अवसर भी करीब ही है, लोकसभा के चुनाव में नतीजे स्पष्ट कर देंगे डॉ मोहन राज जनता को राहत पहुंचा रहा है या परेशानी..।


## द्वितीय पुण्य स्मरण

समय जिंदगी का कम होगा कहा पता था,
विदाई आपकी अनपेक्षित होगी वो कहां पता था।
हर जगह खुशबू फैलाकर, स्मृति सबके दिल में रख गए।।



स्वर्गवास- 08 जनवरी 2022

### स्व. श्री चांदमल जी पालीवाल

की द्वितीय पुण्यतिथि पर

### भावपूर्ण नमन

******** श्रद्धावनत ********

मनोज पालीवाल, विवेक पालीवाल

फर्म- ✻ पालीवाल यातायात, ✻ पालीवाल कंस्ट्रक्शन,
✻ ॐ साईं राम कंस्ट्रक्शन मंदसौर

# ला कालेज के 54 वे वार्षिकोत्सव का समापन, पुरस्कार बांटे

## प्रधान न्यायाधीश अजीतसिंह, हूडको अध्यक्ष गुर्जर, जिलाध्यक्ष अटोलिया, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने की सहभागिता



**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के 54 वें वार्षिकोत्सव का कल भव्य समारोह में समापन हुआ। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथिगणों ने शिल्ड व प्रमाण पत्र भेटकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थीगण व गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथिगण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजितसिह, हुडको के डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री गिरिराज सक्सेना, ला कॉलेज की पदेन अध्यक्ष एवं नपाध्यक्ष श्रीमति रमादेवी गुर्जर, सचिव श्री रघुवीरसिह चुण्डावत, ट्रस्टीगण सर्वश्री दशरथसिंह झाला, डॉ. शितिज पुरोहित, सुखलाल पाटीदार, पुखराज दशौरा, प्राचार्य डॉ. कुणाल शक्तावत भी मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी ने माँ सरस्वति के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम में शासकिय अभिभाषक तेजपाल सिह शक्तावत एड., नपा सभापति निशेष जैन, पार्षद सुनीता भावसार, पार्षद प्रतिनिधि नरेन्द्र बंधवार, अभिभाषकगण राजकुमार गुप्ता, देवेन्द्र मरच्या भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अजितसिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि मै महाविद्यालय ट्रस्ट का आभारी हूँ जिन्होने मुझे विधि के विद्यार्थियों से संवाद करने का अवसर दिखा। महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों में जिन्होंने सफलता पायी है। उन्हें बधाई तथा जो विद्यार्थी असफल रहे वे पुन: प्रयास करते रहे। आपने ज्ञान की परिभाषा बताते हुये कहा कि जो आप जानते है वही ज्ञान है जो आप सिखना चाहते है वही ज्ञान है आपने कहा कि जो लोग अपने लिये नही समाज व राष्ट्र के लिये कार्य करते है उन्हें पीडियो तक याद रखा जाता है। इसी कारण महात्मा गांधी, कबीरदास जी को लोग आज भी स्मरण करते है। विधि के विद्यार्थिगण राजा विक्रमादित्य से भी प्ररेणा ले, उनका न्याय व्यवस्था परफैक्ट थी। विद्यार्थी परिस्थितियो से घबराएं नहीं बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी अच्छी अंक लाने का प्रयास करें। अध्यक्षीय उद्बोदन में हुडको के डायरेक्टर श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि महाविद्यालय विधिवेक्ताओं को तैय्यार करने का काम कर रहा है। विधि का क्षेत्र पवित्र क्षेत्र है, इसमें नैतिकता अब अन्य आदर्शो का पालन जरूरी है जो विधि विशेषज्ञ होते है, वे अपने धर्म का पालन पूरी तन्मयता से करते है। आपने कहा कि इस महाविद्यालय ने भंवरलाल नाहटा, ओमप्रकाश पुरोहित, युएन भाचावत सहित कई ख्यातिप्राप्त विधि के ज्ञाता देश को दिये है महाविद्यालय ट्रस्ट अपने कर्तव्यों के पालन में कोई कसर नहीं रख रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया ने कहा कि वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों क को अपनी प्रतिभा दिवाने का अवसर देता है जो पुरस्कार विद्यार्थियों को मिलते है वे जीवन भर जीवन में आगे बड़ने की प्रेरणा देते हैं। नपाध्यक्ष व लॉ कॉलेज की पदेन अध्यक्ष श्रीमति रमादेवी गुर्जर ने कहा कि लॉ कॉलेज ट्रस्ट निरंतर विद्यार्थियों के हित में कार्य कर रहा है, कम फिस में उन्हें विधि की शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। सचिव श्री रघुवीर सिंह चुण्डावत ने इस विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथिया का स्वागत महाविद्यालय स्टाफ गुण सर्व श्री रजिश कोशिक, सीमा श्रीमाल, प्रवीण चौधरी, रूचि कुंवर देवडा, चंचल शर्मा, नैना भावसार, दिपक बैरागी, तरूण शर्मा, नदकिशोर पाटीदार राजेश नौगिया चेतना धनगर पूजा चुण्डावत, कुलदीप वर्मा, शांतिलाल चौहान ने पुष्पहार व दुपटा ओड़ाकर किया। संचालन सुश्री वर्षा राजकुंवर झाला ने किया तथा आभार प्राचार्य डॉ. कुणाल शक्तावत ने माना।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज मंदसौर में

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रितेश चावला, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं जैसे पीएम विश्वकर्मा योजना , आयुष्मान भारत ,उज्वला योजना ,पीएम मुद्रा लोंन योजना ,पीएम स्वनिधि योजना ,पीएम जन ओषधि योजना ,प्रधानमंत्री आवास योजना आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्रदान किये जाने हेतु निम्नानुसार शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविर 18-1-2024 प्रातः 11 बजे से , सोमवार श्री निषादराज भवन अयोध्याबस्ती भाचावत शोरुम के पीछे। 9-1-2024 प्रातः 11 बजे से , मंगलवार मांगलिक भवन नरसिंहपूरा। 10-1-2014 प्रातः 11 बजे से , बुधवार ओसवाल लोढेसाथ धर्मशाला के बाहर अभिनन्दन कॉलोनी। अतः वार्डवार शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में हितग्राही पहुंचकर शासन की योजनाओ की जानकारी प्राप्त कर शिविर में पंजीयन करावे और लाभ ले।

## श्रीमद भागवत कथा का आयोजन आज से

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** नेमिषारण्य तीर्थ में 108 श्रीमद भागवत कथा का आयोजन श्री हरि सत्संग मंडल, मंदसौर के तत्वावधान में (मकर संक्रांति पर्व) 8 जनवरी से 14 जनवरी 2024 तक सप्त दिवसीय कथा का आयोजन होगा। जिसमें राष्ट्रीय कथा व्यास पं. रुद्रदेव त्रिपाठी जी अपनी विद्वत ओजस्वी शैली में कथा श्रवण करवाएंगे। ओर 108 विद्वान ब्राह्मण श्रीमद्भागवत मूलपाठ वाचन करेंगे। इस आयोजन में मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों से सेकडों भक्तजन सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे।प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाला यह कार्यक्रम लवन जनइम ,बिम इववा, पर सीधा प्रसारण भी होगा।



## माइनस 15 डिग्री से माइनस 18 डिग्री तापमान में छात्र सैनिक कर रहे प्रशिक्षण-कर्नल खान



**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग एंड एलईडी स्पोर्टस श्रीनगर जम्मू कश्मीर के डायरेक्टर कर्नल हेमचंद्र सिंह (भारतीय सेना) के नेतृत्व में यह कोर्स आयोजित किया जा रहा जिसमे पूरे भारत देश से 55 प्रतिभागी ने भाग लिया। यह कोर्स दिनांक 5 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक होगा। ऑल इंडिया एनसीसी से 17 कैडेटस एवं मंदसौर जिले के सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदसौर टूप नंबर 157 के 9 छात्र सैनिक का चयन इस कोर्स के लिए हुआ। माउंटेनियर एवं टूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया ने बताया कि यह सभी छात्र जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के सहसचिव एवं माउंटेनियर जेनिश बरडिया के नेतृत्व मैं जम्मू कश्मीर पहुंचे। यह प्रशिक्षण भारतीय सेना के सूबेदार शौकत अहमद मीर, सूबेदार सोबित गुरुंग, नायब सूबेदार भारत सिंह रावत, हवलदार इकबाल खान, हवलदार निर्मल सिंह, हवलदार थमन बहादुर थापा, हवलदार कमल पुरजा पुन (एसएम), मुज़फर लोन, के नेतृत्व में माइनस 15 डिग्री से माइनस 18 डिग्री तापमान में छात्र सैनिकों को 4 घंटे सुबह और 3 घंटे शाम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्र सैनिकों के इस उपलब्धि पर 5 मध्य प्रदेश स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रिजवान खान, सूबेदार जयप्रकाश सिंह, विद्यालय मैनेजर फादर लॉरेंस, प्राचार्य सिस्टर ज्योतिस, जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के संरक्षक डॉ. क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, संगठन के पदेन अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव (आईएएस), पदेन उपाध्यक्ष जिला अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विजय सिंह पुरावत, कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन जैन, विश्व मोहन अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, जिला सचिव एवं टूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया, कोषाध्यक्ष धीरज शुक्ला, सदस्य ललित कुमार परमार, एवं सीनियर पर्वतारोही कृष्णा कनौजिया, सुश्री नेहा शर्मा, सुश्री खुशी सिसोदिया, आदि ने बधाई दी एवं उज्वल भविष्य की कामना की।





## सामाजिक संस्थाओं को एक हंस की तरह व्यवहार करना चाहिए-मेड़तवाल

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** जिस प्रकार से एक हंस दूध का दूध और पानी का पानी कर देता है ठीक उसी प्रकार से सामाजिक संगठन को निष्पक्ष, सुस्पष्टव संतुलित व्यवहार करना चाहिए। उसे शासन व प्रशासन के अच्छे कार्य की सराहना करनी चाहिए वहीं पर जनहित की अवहेलना करने पर उसका खुलकर विरोध भी करना चाहिए। अनुराग संस्था मध्यप्रदेश शासन के खुले में मांसाहार की बिक्री पर रोक का समर्थन व प्रशंसा करती है।

उल्लेखनीय है कि अनुराग संस्था द्वारा मांसाहार के प्रचार-प्रसार व खुले में बिक्री पर रोक लगाने हेतु दिनांक 19 अप्रेल 2022 को नगरपालिका के समक्ष, गांधी चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया था। वहीं दूसरी ओर नगरपालिका का मन्दसौर नगर में स्वच्छता पर ध्यान नहीं दे रही है। दिनांक 4 जनवरी 2024 को ही प्रशासन के साथ एक बैठक में सांसद श्री सुधीरजी गुप्ता ने भी मन्दसौर की सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी नाराजगी प्रगट की है। अनुराग संस्था पिछले एक वर्ष से अधिक समय से मन्दसौर नगर में प्रतिमाह पदयात्रा निकाल कर नगरपालिका का केवल ध्यान ही नहीं आकृष्ट कर रही है वरन स्वच्छता में सहयोग की योजना बनाकर उसका प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया है। किन्तु नगरपालिका की स्वच्छता के प्रति उदासीनता बड़े ही खेद का विषय है। उक्त बात समाजसेवी राजेश मेड़तवाल ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में कमलेश कटारिया, मनीष भावसार, अजीजुल्लाह खान, राजाराम तंवर, रमेश सोनी आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

# जिसने मां को जाना उसने भारत माता को जाना जिसने बेटी को जाना उसने ब्रह्मांड को जाना-जोशी

## सालरिया में चल रही तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई को मायरो कथा की पूर्णाहुति संपन्न





**बिशनिया, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** सालरिया में चल रही युग संत श्री गोवर्धन जोशी लोट खेडी के मुखारविंद से तीन दिवसीय संगीतमय नानी बाई का मायरा कथा की पूर्णाहुति संपन्न हुई कथा के तीसरे दिन श्री जोशी ने कहा है कि सत्संग की सार्थकता भीड जमा करने से नहीं है सत्संग की सार्थकता तो वह है जो सत्य को प्रकट कर दे धर्म कभी चमत्कार नहीं बताता जब तक स्वयं जनता जनार्दन को धर्म का कर्म का आध्यात्म का ज्ञान नहीं होगा तब तक वक्ता बोलता रहेगा चाहे उस वेदवानी को क्या सत्य है असत्य हैं जो वह बोल रहा जनता उसको सत्य मान रही क्योंकि सत्य का ज्ञान नहीं होने से सत्संग में इकट्ठी भीड झूठ को स्वीकार कर रही है अगर जनता को गिनती का व्याकरण का बारखडी शब्दों का ज्ञान होगा और वक्ता गलत बोल रहा है तो वक्ता की गलती पकडी जा सकती है इसलिए सत्संग में वह सत्य जन-जन तक नहीं पहुंच पा रहा जो सनातन कंदमूल सत्य है जिस दिन प्रवक्ता माता में कौशल्या यशोदा देव की का दर्शन कर देगा पुत्र में रामकृष्ण भारत लक्ष्मण शत्रुघ्न का दर्शन कर देगा उस दिन देश ही नहीं सारी दुनिया कृष्णमय राममय हो जाएगी बेटी में देवी स्वरूप का दर्शन हर जनमानस के अंदर वह दिव्य दृष्टि प्रकट कर देगा उस दिन भारत की बेटी पूजनीय वंदनीय सम्माननीय हो जाएगी उस दिन राम कथा भागवत कथा शिव कथा नानी बाई का मायरा इन सत्संगों की सार्थकता जनता प्रजा समझ सकेगा वेदों के रचयिता भगवान श्री वेदव्यास जी ने वेदों का वेदों का पुरानों का शास्त्री कारण किया है आधुनिकरण नहीं सत्संग में आधुनिकता की दौड़ प्रदर्शन एक दिन सनातन के पतन का कारण बनेगा बडे-बडे संत विद्वान अपनी राह से भटक चुके हैं इसमें पांच लाख 50 लाख श्रोता का बहुत बड़ा योगदान है अगर अभी भी हम नहीं संभले तो सनातन प्रदर्शन बनकर रह जाएगा हजारों वर्ष तप करने वाले संत भूखे प्यास गिरी कंधराओं में रहकर उन्होंने कभी अपनी भक्ति अपनी शक्ति का चमत्कार नहीं बताया और आधुनिक संत अपनी दुकानदारी का प्रदर्शन कर सनातन को पतन की ओर ले जाने में कोई कमी नहीं रखी इसलिए मेरे इन क्रांतिकारी शब्दों पर आप जितने श्रोता सुन रहे भगवान के सामने बैठकर इस समस्या का चिंतन करें तत्पश्चात महा आरती एवं महा प्रसादी वितरण की गई इसमें अनेक गांव के सैकडो श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आरती एवं प्रसाद ग्रहण कर भक्ति का लाभ लिया

## दुर्घटना में हुई थी वृद्ध की मौत, कार ड्राइवर पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 17 दिसम्बर 2023 को ग्राम आक्याबिका में कन्हैयालाल सुथार (80) को कार ने टक्कर मार दी थी, जिनकी उपचार के दौरान मंदसौर में मौत हो गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद टक्कर मारने वाले कार (एमपी 14 सीसी 8755) के ड्राइवर के खिलाफ शनिवार को धारा 304 ए में केस दर्ज किया।

## कलेक्टर आज ई-जनसुनवाई करेंगे

**नीमच, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन आज 8 जनवरी 2024 सोमवार को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करेंगे। कलेक्टर श्री जैन ई-जनसुनवाई में मनासा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाटखेडी बुजुर्ग, पिपलोन, पडदा, पिपल्याा हाडी एवं भेरपुरा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर,ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

## सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा विजय होता है -संत नागर



**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** सुयश रामायण मंडल के तत्वाधान में चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन में संत श्री मनोहर नागर ने कहा कि इंसान को सत्कर्म कभी नहीं छोड़ना चाहे चाहे जीवन में कितनी ही विपत्ति क्यों ना आए सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति हमेशा विजय होता है साथ ही आपने कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया जहां पुतना वध का वृत्तांत सुनाया और कल गोवर्धन पूजा का भी महत्व बताया और गोवर्धन पूजा क्यों की जाती है ,जब इंद्र ने श्री कृष्ण से कहा कि सारा धर्म गोवर्धन पूजा करेंगे, तो देवताओं को भी शासन चलाने के लिए कुछ चाहिए तब आपने उनसे कहा कि जो बिना आचमन के जो पूजा अर्चना करेगा वह आपको धर्म लाभ मिलेगा इसलिए जब भी पंडित आपसे पूजा यज्ञ हवन आदि करवाता है, तो पहले धरती पर आपसे जल के आचमन करवाता है उसके बाद ही आपको शुभ कार्य शुरू करने की कहता है इस अवसर पर माताए बहनों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान पुष्पेंद्र भावसार एवं उसके परिवार के साथ पोथी पूजन की और अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के कारूलाल सोनी, प्रकाश पालीवाल रूपनारायण मोदी राजेंद्र चाचा प्रदीप गुप्ता राहुल, दीपेंद्र कुमावत, मानसिंह माच्छोपुरिया, निर्विकार रातडिया, दृष्टानंद नेनवानी, नंदू भाई आडवाणी, गिरीश भगवती, प्रीतम खेमानी, मनोहर नेनवानी आदि ने पति पूजन का गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** जीवन शैली में बदलाव करना चाहिए , हम नोनिहाल और छोटे बच्चों के प्रति सज़ग और सतर्क होंगे तो भविष्य की यह पीढ़ी अच्छा नेतृत्व करेगी। वर्तमान में प्रकृति और पर्यावरण के बिगड़े संतुलन में हम भी भागीदार हैं। यह विचार व्यक्त किये नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने आप अभिनंदन नगर के विबोध प्रीस्कूल में आयुवा वेलनेस एवं विबोध द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में रविवार को सम्बोधित कर रही थी। श्रीमती गुर्जर ने कहा छोटे बच्चों को मोबाइल और चॉकलेट की लत बढ़ती जारही है इसके पीछे माता पिता कारण बन रहे हैं। यह बच्चों के स्वस्थ विकास में बाधक हो सकता है।



## जरूरतमंदों को कम्बल वितरीत किए

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** बालाजी सेवा भक्त मण्डल मंदसौर समय समय पर विविध सामाजिक कार्य करता रहता है। इसी तारतम्य मे रविवार को बालाजी सेवा भक्त मण्डल के सदस्य एवं अपने तबला वादन कला के माध्यम से गिनिज बुक ऑफ वल्ड रिकार्ड मे अपना नाम दर्ज कराने वाले गीत शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मंदसौर के वार्ड क्र. 12 मे स्थित सरस्वति नगर मे जरूरतमंदों को लगभग 30 कम्बल वितरित किये गये। जरूरतमंद लोगो के साथ ही यहा निवासरत बच्चों को बिस्किट एवं स्वल्पाहार के पेकेट वितरित किये गयें। इस अवसर पर बालाजी भक्त मण्डल के विपीन संघवी, दुर्गेश चंदेल, मनीष सोनी, मीनासिंह चौहान, दर्शना शर्मा, मधुरिमा शर्मा, गीत शर्मा, अनन्त देव शर्मा उपस्थित थे। इन सभी ने जरूरतमंद लोगो से चर्चा भी की।

## मंडी व्यापारी संघ के चुनाव सम्पन्न



**दलौदा, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि उपज मंडी दलौदा में मंडी व्यापारी संघ के चुनाव हुए जिसमे एक पद अध्यक्ष, 2 उपाध्यक्ष, 1 सचिव, 1 सहसचिव, 1 कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव की वोटिंग हुई जिसमे करीब 222व्यापारी के मत थे जिसमे 211 मत घिरे जिसमे अध्यक्ष में बलदेव पाटीदार और मुकेश पाटीदार के बीच वोटिंग हुई जिसमे बलदेव पाटीदार 137 मत मिले जो 60 से अधिक वोटो से विजय हुए उपाध्यक्ष ने तीन दावेदार पीयूष सोनी, पीयूष डूंगरवाल, सुनील खिचावत थे जिसमे पीयूष सोनी एवम पीयूष डूगरवाल को क्रमश 169 ओर 140 वोट मिले दोनो विजय हुए सचिव में भारत पाटीदार और दीपक रातडिया के बीच मुकाबला था जिसमे भारत पाटीदार 2 मतों से विजय हुए ऐसे ही कोषाध्यक्ष में संदीप मोगरा और सहसचिव में महेश पाटीदार विजय हुए दिन भर से मंडी में चुनावी माहौल रहा और व्यापारी सहित उम्मीदवारों के समर्थक मैदान में डटे रहे शाम को परिणाम आते ही ढोल के साथ जुलूस निकला।

## राज्यपाल आज मन्दसौर जिले में आएंगे



**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 08 जनवरी को प्रात: 10 बजे बजे मन्दसौर आयेंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल प्रात: 10 से प्रात: 10.40 बजे तक सर्किट हॉउस मन्दसौर में रूकेंगे। प्रात: 11 बजे सर्किट हॉउस से विकासखंड मल्हारगढ की ग्राम पंचायत सुठोद के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रात: 11.30 बजे ग्राम पंचायत सुठोद में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा हितग्राहियों से संवाद करेंगे। राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 12.30 बजे नीमच के लिए प्रस्थान करेंगे।

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा में होंगे शामिल-** संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा प्रात: 11 बजे ग्राम सुठोद में महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल के कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात ग्राम पहेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे।

# नानी बाई का मायरा कथा का अंतिम दिन

## सुंदर पालकी में राधा कृष्ण भक्तों के साथ मामेरा लेकर पहुंचे





**सुवासरा, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** नगर में चल रहे पोरवाल महिला मंडल और पोरवाल समाज के सयुंक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम नानी बाई के मायरे की कथा के तीसरे और अंतिम दिन भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। पंडित मयंकजी शर्मा बदनावर वाले के श्रीमुख से बहुत ही सुंदर नानीबाई के मायरे का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की इसी कड़ी में आज दोपहर 2 बजे रॉयल राधा कृष्ण ग्रुप द्वारा चारभुजा मंदिर से मायरे की शोभा यात्रा जिसमे राधा कृष्ण की पालकी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकाली गई। जिसमे भक्त गण नाचते गाते कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तत्पश्चात महाराज श्री द्वारा सनातन धर्म में मायरे का महत्त्व भगवन नृसिंह मेहता की कथा का सुंदर चित्रण एवम भजनों के साथ बताया। सभी श्रोता झूम उठे तत्पश्चात महा आरती एवम छप्पन भोग प्रसादी वितरण के साथ कथा का समापन हुआ। आज विभिन्न धार्मिक सामाजिक राजनीतिक संगठनों द्वारा महाराज श्री का धर्म गंगा प्रवाहित करने पर स्वागत सम्मान किया गया। जिसमे नगर परिषद कार्यकारिणी,पोरवाल समाज, अ भा पोरवाल युवा संगठन, मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ,श्री खाटू श्याम सेवा ट्रस्ट, शहर कॉंग्रेस कमेटी,श्री शिवम फाउंडेशन द्वारा फूलमाला, शाल श्रीफल द्वारा किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश गुप्ता द्वारा किया गया और आभार महिला मंडल अध्यक्ष किरण मंडवारिया द्वारा किया गया।

# राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज जमुनिया कला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे

## कलेक्टर एवं एसपी ने महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया



**नीमच, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** म.प्र.शासन के महामहिम राज्यिपाल श्री मंगुभाई पटेल नीमच जिले केग्राम पंचायत मुख्यालय जमुनिया कलां में आज 8 जनवरी 2024 सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होगें। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एसपी श्री अमित कुमार तोलानी ने रविवार को जमुनिया कलां पहुंचकर, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यंवस्थाओं और तैयारियों का मौके पर जायजा लिया। इस मौके पर एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री जैन ने महामहिम राज्यथपाल के ग्राम जमुनिया कलां में प्रस्तावित कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर मंच की व्यवस्थाए, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पृथक से मंच निर्माण, प्रदर्शनी के लिए स्टॉल एवं आमजनों, आमंत्रितों, मीडिया के साथियों और हितग्राहियों के लिए पृथक-पृथक बैठक की व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर के लिए पृथक से व्यवस्था, एलईडी की व्यवस्था, मय चिकित्सा दल के एम्बुलेंस की व्यवस्था, ग्रीन रूम की स्थापना आदि व्यवस्थाओं, प्रबंधों की जानकारी ली और विभिन्नि अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का समय–सीमा में निवर्हन करने के निर्देश दिए है। विकसित भारत संकल्प। यात्रा कार्यक्रम जमुनियाकलां में कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य , आयुष, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, कृषि, उद्यानिकी एवं उद्योग विभाग अपने विभाग की योजनाओं और उपलब्धि पर आधारित स्टॉल एवं प्रदर्शनी भी लगाई जावेगी। कार्यक्रम में महामहिम राज्यिपाल व्दारा जिले में प्रारंभ हो रहे बी.पी. जांच अभियान के पोस्टर का विमोचन कर, बी.पी.जांच के अभियान का शुभारंभ भी किया जावेगा। साथ ही विभिन्न विभागों व्दांरा लाभांवित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को महामहिम राज्य पाल व्दारा हितलाभ भी वितरित किए जावेंगे।

**राज्यपाल मंगू भाई पटेल आज जमुनियाकला में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे-** राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल आज 8 जनवरी को नीमच जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री पटेल आज 8 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे सूठोद जिला मंदसौर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर एक बजे नीमच के ऑफिसर्स मैस पहुंचेगें। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल दोपहर 2:15 बजे नीमच जिले केग्राम जमुनियाकला पहुंच कर, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल जमुनियाकला से अपरान्ह 3.25 बजे प्रस्थान कर नीमच हेलीपैड पर पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# वर्ष 2047 तक भारत को सबसे विकासशील देश बनाने में सभी अपनी भूमिका निभायें-देवड़ा

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा का हर्कियाखाल आगमन पर स्वागत





**नीमच, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि, भारत को 2047 तक दुनिया का सबसे विकसित देश बनाना है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को पुरा करने में सभी अपनी – अपनी भूमिका का निर्वहन करें। देश का हर नागरिक इसमें सहभागी बने। सभी के मन में यह देश हमारा है यह भाव रहे और जो जहां है उस क्षेत्र में विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये समर्पित होकर कार्य करें। यह बात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने रविवार की शाम को नीमच जिले के हर्कियाखाल बालाजी मंदिर में दर्शन एवं पुजन अर्चन करने के बाद यहां आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुये कही। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा नीमच क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, श्री पवन पाटीदार, श्री मनोहरलाल जैन अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में श्रृद्धालु एवं बालाजी के भक्तगण तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा के प्रथम हर्कियाखाल आगमन पर बालाजी मंदिर के पूजारी श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं मंदिर समिति के सदस्यगणों ने उपमुख्यमंत्री श्री देवडा का शॉल श्रीफल एवं पगडी बांधकर पुष्पमहार से आत्मिय स्वागत किया। पिपलियामण्डी से पैदल यात्रा कर हर्कियाखाल बालाजी मंदिर आये पैदल यात्रियों के साथ उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा के बालाजी मंदिर पहुंचने पर जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा नीमच क्षेत्र के विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने पुष्प गुच्छव भेंट कर स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एडीएम सुश्री नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी ने उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा को पुष्प,गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उपमुख्येमंत्री श्री जगदीश देवडा ने हर्कियाखाल में स्वागत समिति के सुत्रधार श्री सुधीर मामा, कैलाश पोरवाल एवं अन्यं सदस्यगणों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में स्वागत समिति द्वारा श्री देवडा एवं अन्य मंचासीन अतिथियों का साफा बांधकर एवं बालाजी की तस्वीर भेंटकर पुष्पहार से स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवडा ने स्वागत समिति सदस्यगणों और पैदल यात्रा कर हर्कियाखाल पहुंचे पैदल यात्रियों पर पुष्पववर्षा एवं दुपटटा पहनाकर स्वागत किया और पैदल यात्रियों का स्नेह के लिये आभार जताया। पिपलियामण्डी नगर परिषद अध्यक्ष एवं महिला पार्षदगणों ने मंचासीन श्री जगदीश देवडा की धर्मपत्नी श्रीमती देवडा का भी आत्मीय स्वागत किया।

अपने उदबोधन में उपमुख्य मंत्री श्री जगदीश देवडा ने नीमच मंदसौर जिलेवासियों से मिले अपार स्नेह के लिये सभी का आभार व्यक्त करते हुये उन्हो धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि, व्यक्ति कभी बडा नही होता बल्की उसे बडा बनाने वाले लोग बडे होते जो सहारा देते है आगे बढाने का काम करते है। उन्होने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी लोगो के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होने कहा कि, हम सभी सौभाग्यशाली है कि, प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर में पूजन – अर्चन होगा। यह बहुत बडा दिन है। घर-घर में दीपक जले, रोशनी हो और हम सभी इस दिन दिपावली मनाये। कार्यक्रम को विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा एवं श्री अनिरूद्ध मारू ने संबोधित करते हुये कहा कि, लगभग 20 साल बाद मालवा क्षेत्र को मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के रूप में विकास का बहुत बडा अवसर मिला है। अब मालवांचल का तेजी से विकास होगा। उन्होने कहा कि, श्री देवडा दिलों पर राज करते है और जो लोगो के दिलों पर राज करता है उसके लिये लोग पैदल चलते है। विधायक नीमच श्री दिलीप सिंह परिहार ने श्री देवडा से हर्कियाखाल बालाजी मंदिर आने वाले श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिये धर्मशाला निर्माण के लिये राशि स्वीकृति की मांग की। विधायक ने अपनी ओर से व्यक्तिगत 1 लाख रूपये और विधायक निधि से 4 लाख कुल 5 लाख रूपये की राशि धर्मशाला निर्माण के लिये प्रदान करने की घोषणा भी की।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजन सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** भारत सरकार की ओर से 15 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पिपलिया नगर परिषद् में यात्रा का आयोजन हुआ। अतिथि जिपं के पूर्व अध्यक्ष मनोहरलाल जैन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह माछोपुरिया, मण्डल अध्यक्ष सामन्तसिंह शक्तावत, नगर परिषद् अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ने विकास यात्रा एवं सरकार की योजनाओं के संबंध में विचार रखे। समस्त विभागों ने अपने-अपने योजनाओं के स्टॉल लगाए जाकर पात्र हितग्राहियों को कार्यक्रम अंतर्गत हितलाभ व स्वीकृति पत्र प्रदाय किए। योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से देने हेतु फार्म भरे। नप उपाध्यक्ष भारतसिंह शक्तावत,, पार्षदगण कमल गुर्जर, संतोष गोवर्धन योगी, वन्दना कमल तिवारी, संगीता संजय धनोतिया, विष्णुबाला कन्हैयालाल कराड़ा, बलराम सोलंकी, अशोक कोहली, सीएमओ प्रमोद जैन, उपयंत्री राजेश उपाध्याय, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, महावीर जैन, सुनील साहू, जगदीश प्रजापत, दिनेश चोहान, सुमन पंचोली, उशवन्तदास बैरागी, क्षीतिज नागदा, अभिनव जैन, आदिल खान, रमेशचन्द्र प्रजापत, इब्राहिम मेव, भागीरथ, मुकेश सैनी, विजय शर्मा, इमरान खान, पूनमचन्द पाटीदार, कमलेश प्रजापत, नीतेश मालवीय, सुनील मेहता, अजय राठौर, बबलू राठौर के साथ ही बाउमावि प्राचार्य बालाराम सिसोदिया, कन्या उमावि प्राचार्य यूएस पाण्डे, स्वास्थ्य विभाग के दिलीप शर्मा, एमपीईबी के गोविन्द शर्मा, महिला बाल विकास, आंगनवाडी, पशु विभाग, कृषि मंडी, स्वास्थ्य विभाग, गैस एजेन्सी, उपभोक्ता भंडार, मार्केटिंग सोसायटी, शासकीय बैंक, उर्जा विभाग आदि के कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर शासकीय कन्या उमावि की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी वहीं शासकीय बालक उमावि के छात्रों ने मैनेजमेन्ट के रुप में बाल मेला आयोजित किया। अतिथियों सहित एसडीएम विवेक सोनकर ने मेले में लगे स्टाल का निरीक्षण किया। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को एलईडी के माध्यम से प्रसारित किया। पंपलेंट, बुकलेट व कैलेण्डर का वितरण भी किया। संचालन मुकेश गुप्ता ने किया। आभार भारतसिंह सोनगरा ने माना।

# श्रीरामलला के दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों को फ्लाइट से अयोध्या भेजेगी मप्र सरकार

**भोपाल, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश सरकार फ्लाइट से तीर्थ यात्रियों को अयोध्या भेजेगी। फरवरी से यह क्रम प्रारंभ होगा और लोकसभा चुनाव की घोषणा होने तक जारी रहेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत व्यवस्था की गई है। इसमें सभी जिलों से 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का चयन कर भेजा जाएगा। वहीं, भारत सरकार द्वारा 19 ट्रेन भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

**वर्ष 2012 से हुई है मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की शुरुआत–** प्रदेश में वर्ष 2012 से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना लागू की गई। ट्रेन के माध्यम से अब तक आठ लाख से अधिक बुजुर्गों को विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा कराई जा चुकी है। विधानसभा चुनाव के पहले मई 2023 में सरकार ने विमान से यात्रियों को तीर्थ यात्रा कराने की शुरुआत की।

**प्रयागराज, शिर्डी, मथुरा-वृंदावन और गंगासागर की यात्रा हो चुकी–** अब तक प्रयागराज, शिर्डी, मथुरा-वृंदावन और गंगासागर की यात्रा कराई जा चुकी है। अब निर्णय लिया गया है कि एक फरवरी से अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन के लिए विमान से यात्रियों को भेजा जाएगा। इसके लिए धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। विमान सेवा का संचालन करने वाली संस्थाओं से पूर्व में ही अनुबंध किए जा चुके हैं।

**एक फरवरी से मार्च तक यात्रियों को अयोध्या भेजेंगे–** विभाग के अपर मुख्य सचिव डा.राजेश राजोरा ने बताया कि एक फरवरी से मार्च तक यात्रियों को अयोध्या भेजा जाएगा। इसके लिए तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत यात्रियों का चयन अलग-अलग जिलों से किया जाएगा। वहीं, भारत सरकार द्वारा 19 ट्रेनें उपलब्ध कराई जाएंगी, जो प्रदेश के अलग-अलग स्थानों से यात्रियों को लेकर अयोध्या जाएंगी।

**अलग से ट्रेन नहीं मिली–** मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत यात्री अयोध्या भेजने के लिए ट्रेन मांगी थीं लेकिन भारत सरकार द्वारा ट्रेनों का संचालन करने के लिए अलग से ट्रेन उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया गया।

**प्रदेश के हर गांव में होंगे कार्यक्रम–** उधर, प्रदेश के प्रत्येक गांव में 15 जनवरी से कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। विभाग ने इसकी तैयारी के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए हैं। 22 जनवरी से पहले चित्रकूट में मोहन सरकार की कैबिनेट बैठक भी हो सकती है।

## फरार वारंटी को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** 8 वर्ष से फरार स्थानी वारंटी को पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार मिण्डलाखेड़ा निवासी विक्रम पिता पुष्करलाल बावरी 2016 से धारा 323, 294, 506, 327 के प्रकरण में फरार चल रहा था। जिसे पिपलिया पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचित व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ लेवे-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

### डिप्टी सीएम देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़वन एवं धमनार में शामिल हुए



**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम बड़वन एवं धमनार में शामिल हुए। यात्रा के दौरान आयोजित शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात शिविर में नन्ही-नहीं बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पर प्रस्तुतियां दी गई। नन्हे नन्हे बचों द्वारा दी गई प्रस्तुति की उप मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड आम जनता के लिए गारंटी कार्ड है। प्रधानमंत्री ने 5 लाख रुपए का गारंटी कार्ड प्रदान किया है। यह कार्ड फ्री में इलाज की गारंटी प्रदान करता है। इस कार्ड के माध्यम से देश की करोड़ो जनता कार्ड का लाभ उठा रही है। एक समय था जब गंभीर बीमारियों के लिए इलाज करना बहुत मुश्किल हुआ करता था। कई लोगों को बड़ी-बड़ी बीमारियों के कारण जान तक गवानी पड़ती थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस बात की चिंता कर आयुष्मान कार्ड योजना बनाई। जो गरीब परिवारों के लिए सहारा बनी। किसी गरीब व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना किसी पुण्य से कम नहीं है। कार्यक्रम के दौरान श्री नानालाल अटोलिया, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, सहित सभी जनप्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। जिसमें हम सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। यह देश हमारा है, यह भाव सबके अंदर उत्पन्न होना चाहिए। और यह हम सभी की जिम्मेदारी भी हैं। भारत को विश्व में नंबर वन स्थान पर लाने की। सरकार ने सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की है। सभी को शुद्ध पानी मिले, जिससे बीमारियों का प्रकोप ना हो। इसके लिए नल जल जैसी योजना सरकार ने बनाई। सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर राज्य का बराबर विकास किया है। उज्वला योजना के माध्यम से गरीब हो या अमीर सभी के घर में गैस के चूल्हे पर रोटियां बना रही है। सरकार ने विकास करने का इसी तरह का संकल्प लिया है। ऐसे हितग्राही जिनको शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है, या किसी कारण आवेदन जमा नहीं कर पाए वे संकल्प यात्रा के माध्यम से आवेदन दे सकते है। तथा शासन की योजनाओं का लाभ ले। शिविर के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी लोगों से 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई। शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा नवीन गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रमाण पत्र, स्वस्थ बालक स्पर्धा कार्ड, पोषण किट आदि हितग्राहियों को प्रदान किए।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा आज इन गांवों में भ्रमण करेंगी–** विकसित भारत संकल्प यात्रा 8 जनवरी 2024 को यात्रा जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम पालडी, भाटरेवास, मोहम्मदपुरा, चांगली एवं मंदसौर के निषाद राज भवन वार्ड नं. 40, जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में यात्रा हरसोल एवं बडपिपलिया, जनपद पंचायत गरोठ में यात्रा रामखेड़ी एवं बघुनिया, जनपद पंचायत भानपुरा में यात्रा अंत्रालिया एवं अरन्याभाऊ, जनपद पंचायत सीतामऊ में लावरी, मुण्डला, टोंकड़ा एवं सेमलियाकांकड में भ्रमण करेंगी।

# सांसद गुप्ता तीसरी बार संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित

**मंदसौर, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद सुधीर गुप्ता तिसरी बार संसद रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए। रविवार को दिल्ली में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन ने इसकी घोषणा की। ज्ञात रहे संस्था द्वारा पूरे देश के सांसदो को उनके लोकसभा कार्यकाल में निरंतरता और उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग श्रेणी से उनके द्वारा किए गए कार्यो पर यह पुरस्कार वितरित करती है। इस पुरस्कार की स्थापना भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के कहने पर इन सम्मानों की स्थापना की, जिन्होंने स्वयं 2010 में चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था। ये पुरस्कार व्यापक प्रदर्शन पर आधारित हैं, जिसमें नामांकित व्यक्तियों का चयन कानून और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएस कृष्णमूर्ति की अध्यक्षता वाली एक प्रतिष्ठित जूरी समिति द्वारा किया जाता है। यह पुरस्कार यह भारत में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित करने के लिए नागरिक समाज द्वारा दिया जाने वाला एकमात्र पुरस्कार है। संसदीय समितियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान 17वीं लोकसभा से शुरू होने वाले संसद महा रत्न पुरस्कारों के लिए तीन स्थायी समितियों का भी चयन किया गया है। जिसमें कृषि, वित और परिवहन एवं पर्यटन समिति करती है और 17वीं लोकसभा के कार्यकाल के अनुरूप आंकडों पर भरोसा करते हुए बैठकों और उनके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों के आधार पर उनके लगातार योगदान के लिए नामांकित किया गया है। जिसमें भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा अन्य तीन सांसद हैं जिन्हें 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सांसद सुधीर गुप्ता ने उक्त पुरस्कार क्षेत्र की जनता को समर्पित करते हुए कहा है कि क्षेत्र की जनता का स्नेह ही मेरी उर्जा है जो मुझे कार्य करने के सदैव प्रेरित करती है। साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण ही आज वे इस मुकाम पर पहुंचे है।



## सात वर्ष बाद गुमशुदा मां-बेटा दस्तयाब

**पिपलियामंडी, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** 7 वर्ष से गुम मां-बेटा को पुलिस ने दस्तयाब किया। जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2017 को जलोदिया निवासी मुकेश मेघवाल ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पत्नी कारीबाई व बेटा वीरेन्द्र गुमशुदा हो गया था। मामले में सात वर्ष बाद पुलिस ने जागरुकता दिखाई और दोनों गुमशुदा मां-बेटे को दस्तयाब किया।

# हेल्दी-हाईजैनिक फूड स्ट्रीम प्रसादम का महाकाल लोक में लोकार्पण



**उज्जैन, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** देश का पहला हेल्दी और हाईजैनिक फूड स्ट्रीट 'प्रसादम' का लोकार्पण उज्जैन के श्री महाकाल लोक में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसूख मांडविया की उपस्थिति में किया। इसके बाद देशभर में 100 स्थानों पर यह स्ट्रीट खोले जाएंगे। यहां समोसा-कचौडी और जंक फूड के साथ प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। फरवरी के प्रथम सप्ताह में इसे पूरी तरह शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने रविवार को उज्जैन में देश के प्रथम स्वस्थ, स्वच्छ, हाईजेनिक फूड स्ट्रीट प्रसादम का लोकार्पण किया। 175 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्रसादम में 17 दुकानें रहेंगी। उज्जैन आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को श्रीअन्न मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 218.76 करोड के 187 कार्यों का रिमोट दबाकर भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया, जिसमें उज्जैन में हरसिद्धि चौराहे से महाराजवाड़ा तक होने वाले विकास कार्य, महाकाल मन्दिर स्थित नन्दी हॉल का सौंदर्यीकरण, हरिफाटक पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था का शिलान्यास भी शामिल है। इसमें प्रदेश की 36 स्वास्थ्य संस्थाओं का भूमिपूजन एवं 150 स्वास्थ्य संस्थाओं का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रसादम में मालवा के स्थानीय चाय एवं व्यंजन का लुत्फ लिया। प्रसादम का अवलोकन कर फूड हैंडलरों से संवाद किया। कन्या पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने जूस मशीन का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बेलपत्र का पौधा भेंट किया।

**विकास का कारवां लगातार चलता रहेगा–** प्रसादम के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में विकास का कारवां लगातार चलता रहेगा, विकास कार्यों र्से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि 25 दिन पूर्व उन्होंने खुले में बिकने वाले मांस एवं मछली की दुकानों को हटाने के निर्देश दिये थे। आज प्रदेश में लगभग खुले में बिकने वाली मांस एवं मछली की ऐसी 25 हजार दुकानों को हटाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड की जो चुनौती थी, उसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मांडविया के सहयोग से सफलतापूर्वक निपट गया है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन भविष्य का ग्रीन विच है। हमने फिजिक्स एवं आईआईटी को जोड़कर रिसर्च कराने का कार्य किया है। उज्जैन से सम्बन्धित हुए बिना जीवन का सार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने चौंसठ कलाएं उज्जैन से ही सीखी थी। उज्जैन ही वह स्थान है जहां से संघमित्रा एवं महेन्द्र बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिये श्रीलंका गये थे। विक्रमादित्य एवं उनके भाई राजा भतृहरि का सम्बन्ध भी उज्जैन से ही था। उज्जैन राजा भोज की राजधानी भी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल की कृपा से देशवासी बड़ी से बड़ी चुनौती से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने प्रसादम के निर्माण पर जिलेवासियों को बधाई दी।

**प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार डेवलपमेंट को स्वास्थ्य से जोडा है–** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने देश की प्रथम हाईजेनिक फूड स्ट्रीट प्रसादम के लोकार्पण पर उज्जैनवासियों को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार डेवलपमेंट को स्वास्थ्य से जोड़ा है। स्वास्थ्य अच्छा रहे इसके लिये जहां अस्पतालों की आवश्यकता है, वहीं आम नागरिकों को स्वस्थ व स्वच्छ फूड मिले, इसकी भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश में और भी स्थानों पर फूड स्ट्रीट बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरन्तर लोकार्पण एवं शिलान्यास के कार्य हुए हैं। डॉ.मांडविया ने बताया कि कोविड की लहर के दौरान हमने बहुत-कुछ सीखा। 140 करोड़ की जनसंख्या के वेक्सीनेशन के लिये महाअभियान चलाया। 220 करोड़ वेक्सीन के डोज लगाये। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंन बताया कि वर्ल्ड इकॉनामिक फोरम में स्वयं बिल गेट्स में मुझे बधाई दी और कहा कि भारत में जिस तरह अपने आपको कोविड के दौरान मैनेज किया, वेक्सीनेशन का महाअभियान सफलतापूर्वक चलाया, दुनिया में इसकी मिसाल नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि जब मैंने बताया कि भारत में प्रतिदिन 40 किलो मीटर सड़क बनाई जाती है तो लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ। डॉ.मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हममें वह सामर्थ्य है कि हम देश की जरूरतों को पूरा कर सकें और उसे आकार दे सकें। आयुष्मान भारत अभियान के तहत प्रत्येक जिले में 100 करोड़ रुपये स्वास्थ्य के क्षेत्र में खर्च किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। मध्य प्रदेश को आने वाले समय में धन की कमी नहीं आने दी जायेगी।

कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने रिमोट का बटन दबाकर हाईजेनिक फूड स्ट्रीट की वेब साइट का उद्घाटन किया। साथ ही हाईजेनिक एवं हेल्दी एएसपी ब्रोशर पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित मनहित ऐप का भी शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मांडविया के संकल्प को साकार करते हुए मध्य प्रदेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे।

**कुछ ऐसी व्यवस्था रहेगी प्रसादम में–** श्री महाकाल लोक के नीलकंठ द्वार के पास बनी पार्किंग की छत पर इस फूड स्ट्रीट में 150 से 200 स्क्वायर फीट की कुल 17 दुकानें हैं। इन सभी दुकानों का टेंडर होना बाकी है। नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि इसमें ईट राइट फूड के सभी नियमों को ध्यान में रखा जाएगा। प्रसादम में अलग-अलग फूड स्टॉल होंगे, जहां उज्जैन के स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ भगवान महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु ले सकेंगे। प्रसादम में जंक फूड पिज़्ज़ा, बर्गर और मैगी जैसी खाने की चीजों पर प्रतिबंध रहेगा। मालवा का प्रसिद्ध दाल-बाफले सहित अन्य खान-पान की चीजे रख सकेंगे। मैदा से बनी चीजों को यहां नहीं रख पाएंगे। यहां खाना बायोडिग्रेडेबल पैकेजर्स में ही प्रदान किया जाएगा। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि यहां आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) वाटर से खाना बनाया जाएगा। पीने के लिए भी यही पानी इस्तेमाल होगा। खाना बनाने वाले वेंडर को हाथों में ग्लब्स, सिर पर टोपी और एप्रिन पहनकर रहना होगा। वर्कर और वेंडरों का मेडिकल टेस्ट होने के बाद ही काम करने की अनुमति मिलेगी। कचरा डिस्पोस करने की जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी। कलेक्टर सिंह ने बताया कि प्रसादम बनकर तैयार है। स्ट्रीट फूड को हाइजीनिक बनाने के लिए इसे एक मॉडल की तरह दो दिन चलाएंगे। दो दिन बाद शॉप का अलॉटमेंट होगा। लोगों को हाई क्वालिटी भोजन मिलेगा।

# खेल चेतना मेला रैली एवं शुभारंभ समारोह 10 को

### शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से निकलेगी खेल चेतना रैली, 9 से 12 जनवरी तक होगा खेल मेला

**रतलाम, 7 जनवरी गुरू एक्सप्रेस।** क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित 24वां खेल चेतना मेला 9 से 12 जनवरी तक होगा। खेल चेतना मेला रैली एवं इसका भव्य शुभारंभ समारोह 10 जनवरी को प्रात: 10 बजे नेहरू स्टेडियम में होगा। इसके पूर्व प्रात: 9.30 बजे शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से खेल चेतना रैली निकलेगी जो कि शहर के प्रमुख मार्गों र्से होकर नेहरू स्टेडियम पहुंचेगी, जहां मार्च पास्ट के साथ इसका शुभारंभ होगा। इसकी तैयारियों के आयोजन समिति ने अंतिम रूप दे दिया है।

खेल चेतना मेला आयोजन समिति के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि 9 से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले खेल मेला की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। खेल मैदानों पर बिजली, पानी, खेल सामग्री सहित अन्य व्यवस्था भी पूर्ण हो चुकी है। साथ ही कुछ मैदानों पर खेल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जा रहे है, जिनमें स्कूली बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की जा रही है। स्पर्धा के संबंध में स्कूलों से खेल एवं खिलाड़ियों की एंट्री भी प्राप्त हो चुकी है। क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले खेल चेतना मेला में शहर के सभी विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खेल मेले में इस बार भी 18 खेलों में 7 हजार से अधिक बच्चों की सहभागिता होगी। आयोजन समिति ने समस्त अभिभावकों, स्कूल संचालक व प्राचार्यों र्से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उन्हें खेल स्पर्धाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित कर मैदान तक लाए। शहर के नेहरू स्टेडियम में क्रिकेट, कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, टेबल टेनिस, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में एथलेटिक्स एवं हॉकी, काश्यप सभागृह सागोद रोड में बेडमिंटन, संत कंवरराम नगर क्रीड़ा केंद्र में योग, मलखंब, स्केटिंग, रेलवे ग्राउंड में फुटबॉल, रेलवे ऑफिसर क्लब डीआरएम ऑफिस में तैराकी, सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में बॉस्केटबॉल एवं व्हालीवॉल, विधि महाविद्यालय में शरीर सौष्ठ्व, शतरंज, सेठिया ग्राफिक्स स्टेशन रोड पर शूटिंग स्पर्धा का आयोजन होगा।


## ✻✻✻ नाम परिवर्तन सूचना ✻✻✻

मैं तेजस्वी गुर्जर (TEJASWI GURJAR) पिता भेरुलाल गुर्जर सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरे पूर्व का नाम तेजी (TEJE) था जो मेरे आधार कार्ड, अंकसूची में लिखा गया है, जबकि भविष्य में मैने अपना नाम तेजस्वी गुर्जर पिता भेरुलाल गुर्जर कर लिया है। वर्तमान एवं भविष्य में तेजस्वी गुर्जर (TEJASWI GURJAR) पिता भेरुलाल गुर्जर के नाम से जानी पहचानी एवं पूकारी जाती हूं। अतः मेरे शासकीय/अधिशासकीय अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम तेजी पिता भेरुलाल के स् थान पर तेजस्वी गुर्जर पिता भेरुलाल गुर्जर लिखा एवं पढ़ा जावें।

**तेजस्वी गुर्जर पिता भेरुलाल गुर्जर**
**निवासी-आवरी, तह.-सीतामऊ, जिला-मंदसौर**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in